समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# भोजन और पानी की तरह पहली जरुरत है स्वच्छता

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के तहत डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके समझाए गए, शहर के अनेक स्थानों पर आकर्षक रांगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

रतलाम 23 नवम्बर । स्वच्छता हमे मानसिक, शारीरिक,सामाजिक और बोद्विक हर तरह से स्वस्थ्य बनाती है। आज जरुरत है कि स्वच्छता को सभी अपनी आदत बनाए। खुद समझे और दूसरों को भी स्वच्छता के उद्वेश्य और फायदे समझाए। स्वच्छता हमारे जीवन में भोजन और पानी की तरह पहली प्राथमिकता हाना चाहिए। तभी हम सब मिलकर रतलाम शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ्य बना पाएगे।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत चल रहे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत शहर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान सफाई मित्र समूह ने शहर के कचरा मुक्त व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर रांगोलियों के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने संदेश आमजन को दिया अ डोर टू डोर इसके लिए प्रेरित भी किया है।

इस मौके पर श्री झारिया ने कहां कि स्वच्छता एक क्रिया है। हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई जरुरी है। ऐसे लोग हमेशा बीमार रहते है तो अस्वच्छता वाले वातावरण में रहना पंसद करते है।

उन्होने कहा कि हमारी स्वस्थ्य जीवन शैली और जीवन के स्तर को बनाए रखने के लिए स्वच्छता बहुत जरुरी है। ये व्यक्ति को महान बनाने में अहम भूमिका निभाती है। पूरे भारत में आमजन के बीच स्वच्छता को प्रसारित व प्रसारित करने लिए भारत सरकार द्वारा कई कार्यक्रम और सामाजिक कानून बनाए और लागू भी किए है। घर या अपने आसपास संक्रमण फैलने से बचाने और गंदगी के पूर्ण निपटान के लिए हमे ध्यान रखना चाहिए कि घर या दुकान से निकले कचरे का निपटान इधर–उधर नही करते हुए कचरा संग्रहण वाहन में ही करे। साफ सफाई केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि ये घर, समाज, समुदाय और शहर के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमे इसके महत्व और फायदों को समझना चाहिए। हमे शपथ लेना चाहिए कि न तो हम खुद गंदगी फलाएगें और ना ही दूसरों को फैलाने देगे।

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि घर और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग–अलग हिस्सों में ही करे। स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरुकता जरुरी है तभी हम अपने शहर को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर–1 बना पाएगे, इसी के साथ वैक्सीनेशन के मामले में भी शत प्रतिशत टीके लगवा कर रतलाम का गौरव बढ़ाए।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलकी, झोन प्रभारो ए.पी.सिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# *23 नवम्बर को 84 टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पंहूचा*

रतलाम 23 नवम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 23 नवम्बर मंगलवार को 84 टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

